कारनामा

मझौली नगर परिषद में बड़ा फर्जीवाड़ा, जनता प्यासी और ऑपरेटर काट रहा मलाई

# रिटायर्ड कर्मचारी के भरोसे पीएचई विभाग



**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** सरकारी नियमों को ताक पर रखकर किस तरह मलाई काटी जाती है और जनता के हक पर डाका डाला जाता है, इसका जीता-जागता उदाहरण नगर परिषद मझौली में देखने को मिल रहा है।

बताया जाता है कि जहां एक तरफ भीषण गर्मी में वार्ड क्रमांक 9 और 10 की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जल सप्लाई की कमान एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है जो कागजों पर कब का रिटायर्ड हो चुका है। सूत्रों से मिले इस सनसनीखेज खुलासे ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली को पूरी तरह कठघरे में खड़ा कर दिया है।

### आला अधिकारियों पर उठ रही शक की सुई

अब सवाल यह उठता है कि जो व्यक्ति शासकीय सेवा से मुक्त हो चुका है, वह सालों से नगर परिषद कार्यालय के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में किस हैसियत से जमा हुआ है? किसकी शह पर उसे हटाया नहीं गया और सबसे बड़ा सवाल, रिटायरमेंट के बावजूद उसे नियमित पगार (सैलरी) किस फंड से और क्यों दी जा रही है? क्या इस पूरे खेल में नगर परिषद के आला अधिकारियों की भी मूक सहमति है?

### महिलाओं का आरोप : ऑपरेटर करता है बदतमीजी

एक तरफ यह अवैध रूप से विभाग पर कुंडली मारकर बैठे हैं, तो दूसरी तरफ इनका रवैया जनता के प्रति पूरी तरह तानाशाही और अड़ियल बना हुआ है। वार्ड 9 और 10 की पीड़ित महिलाओं ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने पानी के निश्चित समय और नियमित सप्लाई की मांग को लेकर ऑपरेटर सतीश विश्वकर्मा से बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने अपनी गलती सुधारने या संतोषजनक जवाब देने के बजाय महिलाओं के साथ सरेआम दुर्व्यवहार किया। 'हम टैक्स पूरा भर रहे हैं, लेकिन पानी हफ्ते में सिर्फ 4 दिन नसीब हो रहा है। जब अपनी समस्या लेकर जाते हैं, तो यह ऑपरेटर हमसे बदतमीजी करता है। आखिर एक रिटायर्ड आदमी को इतनी धौंस दिखाने का हक किसने दिया?'

**नियमों की धज्जियां उड़ाता नगर परिषद प्रशासन, चुप क्यों हैं अधिकारी?**

मध्य प्रदेश शासन के नियमों के मुताबिक रिटायरमेंट के बाद किसी भी कर्मचारी को इस तरह बिना किसी विशेष संविदा नियुक्ति के सालों तक पद पर रखकर पगार देना वित्तीय अनियमितता और सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। ऊपर से उस कर्मचारी की लापरवाही के कारण दो-दो वार्डों की जनता इस चिलचिलाती गर्मी में प्यासी मर रही है।

### सीएमओ को सौंपी लिखित शिकायत

इस पूरे मामले में सीएमओ श्रीमती नीतू सिंह को लिखित शिकायत सौंप दी गई है। अब देखना यह है कि क्या नगर परिषद प्रशासन इस रिटायर्ड कर्मचारी के रसूख के आगे घुटने टेक देता है, या फिर इस गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक गड़बड़ी पर कड़ा एक्शन लेते हुए सतीश विश्वकर्मा को तुरंत बाहर का रास्ता दिखाता है। यदि जल्द ही इस फर्जीवाड़े और जल संकट पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आक्रोशित जनता नगर परिषद का तख्तापलट करने और उग्र आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार बैठी है।

**रिटायरमेंट के बाद भी उठा रहे नियमित पगार**

मामले में सबसे बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब यह बात सामने आई कि वार्ड नंबर 9 और 10 की जल सप्लाई व्यवस्था सतीश विश्वकर्मा नामक व्यक्ति के इशारे पर चल रही है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, सतीश विश्वकर्मा एक सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) कर्मचारी हैं।

## कटंगी मंडलम क्र . 2 की कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन

**नवभारत, कटंगी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव की अनुसंसा एवं ब्लॉक काग्रेस कमेटी कटंगी के अध्यक्ष नेक नारायण सिंह 'सहमति से कांग्रेस मंडलम क्रमांक- 2' के अध्यक्ष यासिर हनीफ खान ने 12 पदाधिकारियों की घोषणा की है।

घोषित कार्यकारिणी में मुशादिक हुसैन कोषाध्यक्ष, भगवानदास विश्वकर्मा एवं सीताराम नामदेव को उपाध्यक्ष, विजय नामदेव जफर शाह तथा कल्लू हथकैया को महासचिव नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही इमरान खान इतियाज खान, सबा बेगम ,रिजवान खान को सचिव तथा साजिद खान को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। मंडलम क्रमांक-2 की नई कार्यकारिणी के गठन पर कांग्रेसजनों में उत्साह का माहौल है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के हित में कार्य करने की अपील की है ।

## भेड़ाघाट नप में नियुक्तियों को लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**स्थानीय निवासियों ने की जांच की मांग**

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट नगर परिषद में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय निवासी वंदना आनंद ने इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक विस्तृत शिकायत सौंपकर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि वर्ष 2022 के चुनाव परिणामों के बाद से ही नगर परिषद में मनमानी नियुक्तियाँ की जा रही हैं। आरोप है कि परिषद के उपाध्यक्ष के भतीजे पवन दाहिया और पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे के भतीजे व वर्तमान पार्षद काजल दुबे के चचेरे भाई को 'दैनिक श्रमिक' के पद पर नियुक्त किया गया। शिकायत के अनुसार, इन्हें यह कहकर रखा गया था कि ये नियुक्ति केवल 15-20 दिनों के लिए है, लेकिन पिछले 4 वर्षों से उन्हें बिना किसी आधिकारिक रिकॉर्ड के ड्यूटी पर रखा गया है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि ये कर्मचारी बिना किसी उचित प्रक्रिया के नगर परिषद के वीआईपी गेट और नाका पर तैनात हैं। इसके परिणामस्वरूप, सरकारी खजाने में जाने वाला राजस्व निजी जेबों में जा रहा है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। साथ ही, हाल ही में एक कांग्रेसी पार्षद के रिश्तेदार, अभय प्रताप सिंह को भी 'फायर' विभाग में नियुक्त किए जाने का मामला सामने आया है।

वंदना आनंद ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, नगर परिषद की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए और सरकारी नीतियों के अनुरूप योग्य स्थानीय युवाओं को उचित अवसर प्रदान करते हुए न्याय दिलाया जाए

**ये भी लगाए आरोप**

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा दैनिक नियुक्तियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। स्थानीय शिक्षित युवाओं को अवसर देने के बजाय, कांग्रेस से जुड़े लोगों को पहले से रिक्तियों की जानकारी देकर अनैतिक रूप से नियुक्त किया जा रहा है।



## बोरिया का अव्यवस्थित साप्ताहिक बाजार बना परेशानियों का सबब



**भीड़ से निकलने में एंबुलेंस को करना पड़ी मशक्कत**

**नवभारत, बोरिया।** अनेकों वर्ष पुराना बोरिया ग्राम में बुधवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार आसपास के ग्रामीणों की जरूरतों की खरीददारी का प्रमुख स्थल है। दोपहर से ग्रामीण और शहर से आने वाले व्यापारी बड़ी संख्या में यहां विभिन्न प्रकार की दुकाने लगाते हैं जिन पर खरीदी करने अनेकों गांव के नागरिक दोपहर से रात तक उमड़ते हैं।

अधिकांश दुकानें मुख्य मार्ग के किनारे लगाने से बाजार अव्यवस्थित हो जाता है उस पर वहां पहुंचने वाली भीड़ से बोरिया बस्ती तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता भी अवरुद्ध हो जाता है। दूसरी ओर इसी इकलौते रास्ते से वाहनों के प्रवेश करने पर भीड़ में दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। आज शाम बस्ती के अंदर बनी बोरिया शासकीय हॉस्पिटल तक जाने में और वापिस आने में एंबुलेंस चालक को भारी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणों ने बाजार बैठकी व्यवस्था दुरुस्त करने एवं आवागमन सुगम करने की मांग की है।

## छात्र-छात्राओं को विशेषज्ञों ने सिखाए कला के गुर

**तीन दिवसीय आर्ट एवं क्राफ्ट वर्कशॉप का समापन**



**कटंगी, नवभारत, जबलपुर।** स्थानीय प्रज्ञा एवं चौरसिया शिक्षा महाविद्यालय कटंगी में छात्र-छात्राओं के कौशल विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित तीन दिवसीय 'आर्ट एवं क्राफ्ट वर्कशॉप' का भव्य समापन हुआ। मुम्बई की प्रसिद्ध पिडिलाइट लिमिटेड फेवीक्रिल कंपनी मुंबई के सौजन्य से यह कार्यशाला 1 मई से 3 मई तक आयोजित की गई थी।

कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के संचालक मनीष चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रज्ञा महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सरिता पाठक ने की। तीन दिनों तक चली इस सघन कार्यशाला पिडिलाइट लिमिटेड फेवीक्रिल कंपनी मुंबई की ओर से आई मुख्य प्रशिक्षक कुसुम करेचा एवं अंशु अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कला की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने वेस्ट मटेरियल (व्यर्थ सामग्री) से आकर्षक गृह सज्जा की वस्तुएं बनाना, पेपर क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग और पेंटिंग की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह, बांटे प्रमाणपत्र

मुख्य अतिथि श्री मनीष चौरसिया ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं। प्राचार्या श्रीमती सरिता पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर में अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ हुनरमंद होना भी बेहद जरूरी है, जिससे भविष्य में स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

कार्यशाला के अंतिम दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। प्रमाणपत्र पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। कार्यशाला में दोनों महाविद्यालयों के प्राध्यापक अंकिता चौरसिया, सरिता विश्वकर्मा, खुशबू चौबे, अंजना विश्वकर्मा, डॉ नीरज कुमार नामदेव,पारस विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार नामदेव, मनीषा पुरवार आदि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में पिडिलाइट लिमिटेड फेवीक्रिल कंपनी मुंबई की टीम का आभार व्यक्त किया गया।

## निरीक्षण में मिलीं मेला-प्रदर्शनी में गंभीर खामियां

**झूले बंद रखने के निर्देश, विद्युत एवं फायर सेफ्टी व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के आदेश**



**डिंडोरी, नवभारत 3 जून।** कलेक्टर अंजू पवन भादौरिया डिंडोरी के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिंडोरी के मार्गदर्शन में नगर निकाय क्षेत्र में आयोजित मेला एवं प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेले में आने वाले नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधाओं का जायजा लिया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण कमियां सामने आईं।

निरीक्षण के दौरान प्रदर्शनी स्थल पर विद्युत व्यवस्था अव्यवस्थित पाई गई तथा कई स्थानों पर खुले तार पाए गए, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके अतिरिक्त आगंतुकों के लिए पर्याप्त शौचालय व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी उपकरण एवं अग्निशमन व्यवस्था का अभाव भी पाया गया, वहीं आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी के लिए एग्जिट प्वाइंट्स एवं दिशा-सूचक संकेतक भी पर्याप्त रूप से नहीं लगाए गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित आयोजकों एवं अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित एवं मानकों के अनुरूप बनाया जाए।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शिफ्ट हुआ हिंसक हाथी

**सैटेलाइट कॉलर से की जा रही निगरानी**




**चिल्हारी नवभारत 3 जून।** अनूपपुर और शहडोल जिलों में तीन लोगों की मौत का कारण बने हाथी को अब बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में शिफ्ट कर दिया गया है। रेस्क्यू के बाद यह हाथी अपने नए प्राकृतिक आवास में धीरे-धीरे खुद को ढालने की कोशिश कर रहा है।

बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में मौजूद अधिकारियों के अनुसार, पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से आए इस हाथी को 23 मई को दक्षिण शहडोल के जंगल क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था। रेस्क्यू के बाद उसे सुरक्षित तरीके से खितोली रेंज के जंगल में छोड़ा गया। बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय ने बताया कि हाथी को ट्रैक करने के लिए उस पर सैटेलाइट कॉलर लगाया गया है।

**वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर रख रही नजर**-सैटेलाइट कॉलर से मिली जानकारी के आधार पर टीम उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही है। स्थानीय प्रशासन और वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जंगल क्षेत्रों में अनावश्यक प्रवेश न करें और वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। कुल मिलाकर, यह कदम मानव और वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में एक प्रयास माना जा रहा है, लेकिन हाथी की गतिविधियों पर नजर रखना अभी भी वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल यह हाथी अकेला घूम रहा है और अभी तक किसी अन्य हाथियों के झुंड में शामिल नहीं हुआ है। बांधवगढ़ में लगभग 70 हाथियों की मौजूदगी है, लेकिन यह नया हाथी अभी तक उनके समूह से अलग ही रह रहा है।

## असली अधिकारियों ने कर ली नकली ग्रामीणों की जनसुनवाई

**बाहरी लोगों की उपस्थिति और नेताओं को लिफाफा, बजरंग पावर कंपनी के नियंत्रण में प्रदूषण बोर्ड**

**नवभारत उमरिया 3 जून।** जिले के पाली जनपद क्षेत्र मे खुलने वाली बजरंग पावर कंपनी की कोयला खदान को लेकर गत दिवस ग्राम पतनार कला में पर्यावरणीय जनसुनवाई शुक्रवार को संपन्न हो गई। जनसुनवाई के बाद क्षेत्र मे कई तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

आरोप है कि इस सुनवाई में प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली मीनाक्षी इंगले, बजरंग पावर कंपनी के अधिकारी एसडी द्विवेदी तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी तो मौजूद रहे, लेकिन जिस क्षेत्र को खोदकर अरबों का कोयला निकाला जाना है, वहां के वास्तविक ग्रामीणों की संख्या नगण्य रही। कुल मिलाकर इस बार भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों पर पूरी प्रक्रिया को 'सेट' करने के आरोप लग रहे हैं।जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में कुछ जनप्रतिनिधि भी कड़े तेवरों के साथ पहुंचे थे, लेकिन बाद में उनका मिजाज ठंडा पड़ गया। क्षेत्र में चर्चा है कि उन्हें 'लिफाफा' देकर शांत कराया गया। एक दिन पहले भी प्रदूषण विभाग द्वारा इसी तरह सीमित सूचना जारी कर अर्जुनी क्षेत्र में गंगा खनिज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की प्रस्तावित खदान की जनसुनवाई धौरई में करवा ली गई थी।

**प्रभावित ग्रामीणों को जानबूझकर दूर रखा गया**- स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंपनियों के हित में काम करते हुए प्रदूषण विभाग के अधिकारी जानबूझकर प्रभावित ग्रामीणों को इन कार्यक्रमों से दूर रख रहे हैं, ताकि औपचारिकताएं भी पूरी हो जाएं और किसी प्रकार के सवाल-जवाब भी न हों। लोगों ने इसे गंभीर और आपराधिक प्रवृत्ति बताते हुए प्रशासन एवं राज्य सरकार से मामले का संज्ञान लेने की मांग की है।

लोकार्पण

गंज खमरिया में रंगमंच लोकार्पित, यात्री प्रतीक्षालय व राशन दुकान भवन का किया भूमिपूजन

## गर्रेहा में गौ पूजन के साथ विधायक ने किया गौशाला का निरीक्षण

**नवभारत, बेलखाडू।** कटंगी मुख्य मार्ग से पश्चिम दिशा में स्थित ग्राम पंचायत काकरखेड़ा के आश्रित ग्राम गरेहा में संस्था नम्रता शिक्षा एवं पुनर्वास परिषद द्वारा संचालित गौशाला में विधायक अजय बिश्नोई ने गौ पूजन कर गौशाला का निरीक्षण किया ।

गौशाला संचालक नितिन विश्वकर्मा ने बताया कि संस्था नम्रता विगत 5 वर्षों से इस गौशाला का संचालन कर रही है गौशाला में 110 निराश्रित गोवंश को आश्रय दिया गया है गौशाला संचालन में आ रही चुनौतियों से भी संचालक ने विधायक अजय बिश्नोई जी को अवगत कराया

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आनंद मोहन पल्हा, जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र सिंह, सरपंच शिव केदार पटेल, अखिल सहाय श्रीवास्तव, मनोहर दुबे, गौशाला की प्रभारी डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन व अन्य विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।





### गंज खमरिया के विकास को मिली गति

दोपहर में गज खमरिया ग्राम पंचायत में मुख्य अतिथी विधायक अजय विश्नोई ने सवा लाख रूपये की लागत से निर्मित रंग मंच का लोकार्पण किया साथ ही तीन लाख रुपए की लागत से यात्री प्रतीक्षालय एवं चार लाख रूपये की लागत से राशन दुकान भवन का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर विजय विश्नोई ,सत्येंद्र सिंग ठाकुर , अमिताभ साहू,भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ,महेन्द्र पटैल ,मदन तिवारी ,गंज खमरिया सरपंच निशीथ पटैल एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।